श्रीमती चारुलता एस. कर ने मुंबई विश्वविद्यालय से बैंकिंग और वित्त में विशेषज्ञता के साथ वाणिज्य में मास्टर डिग्री प्राप्त की है. उन्होंने आईसीएफएआई, त्रिपुरा से ट्रेजरी और फॉरेक्स प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा किया है. वह आईआईबी एंड एफ की प्रमाणित एसोसिएट भी हैं.

आरबीआई के नेतृत्व और कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम रूप में उन्होंने पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के व्हार्टन स्कूल से उन्नत प्रबंधन कार्यक्रम भी पूरा किया है.

उन्होंने वर्ष 1991 में आरबीआई में एक अधिकारी के रूप में कार्यग्रहण किया और उन्होंने अहमदाबाद, चेन्नई और मुंबई में आरबीआई के विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों एवं केंद्रीय कार्यालय में काम किया. वह वर्तमान में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के सरकारी और बैंक लेखा विभाग की प्रभारी, मुख्य महाप्रबंधक हैं.

उन्होंने भारतीय रिज़र्व बैंक के भुगतान एवं निपटान प्रणाली समिति के अंतर्राष्ट्रीय कार्य समूहों, बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स जो रिटेल भुगतान में नवाचारों का अध्ययन व रिपोर्ट जारी करता है, खुदरा व त्वरित भुगतान में गैर-बैंकों की भूमिका आदि में प्रतिनिधित्व किया है. उन्होंने भारतीय रिज़र्व बैंक के वक्ता व विशेषज्ञ के रूप में कई घरेलू व अंतरराष्ट्रीय मंचों/संगोष्ठियों तथा कार्यशालाओं में भी प्रतिनिधित्व किया है.